डम डम डम डम डमरू बजे कैलाश पर मेरा भोला सजे

ॐ सृष्टि करता मम विवाह विवाह कुर कुर स्वाहा

डम डम डम डम डमरू बजे
कैलाश पर मेरा भोला सजे ।
भोला सजे, मेरा शंकर सजे
गौरा मां को बिहाने चले ।

जटा में गंगा माथे पे चंदा,
भूत प्रेत भी है उनके संगा ।
बजे मृदंग ढोल बाजे,
गौरा मां को बिहाने चले ।
डम डम डम डम डमरू बजे...

गले में जिनके सांपों की माला,
कहते हैं इन्हें डमरू वाला ।
लेकर हाथ त्रिशूल चले,
गौरा मां को बिहाने चले ।
डम डम डम डम डमरू बजे...

करते हैं नंदी की सवारी,
कहते हैं इन्हें त्रिनेत्र धारी ।
तन पे भस्म रमा के चलें,
गौरा मां को बिहाने चले ।
डम डम डम डम डमरू बजे...

आक धतूरा इनको भाये,
भांग का यह तो भोग लगाएं ।
देवों में देव महादेव कहे,
गौरा मां को बिहाने चले ।
डम डम डम डम डमरू बजे...

विष का प्याला भी पी डाला,
तीनों लोकों का रखवाला ।
शिव को आदि अनंत कहें,
गौरा मां को बिहाने चले ।
डम डम डम डम डमरू बजे...

गंगाजल बेलपत्र चढ़ायें,
खीर भी इनको बहुत ही भाये ।
इंदु इनकी महिमां कहे,
गौरा मां को बिहाने चले ।

डम डम डम डम डमरू बजे...

Singer: इंदु सामाना

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35037/title/dum-dum-dum-dum-dumroo-baje-kailash-par-mera-bhola-saje

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |